पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0

राज्यपाल ने गणेश चतुर्थी की बधाई दी

लखनऊः 21 अगस्त, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उनकी सुख-समृद्धि की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि प्रथम पूज्य देव श्री गणेश विघ्नहर्ता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हमें गणेश चतुर्थी के अवसर पर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता कर उनके दुःख दूर कर जीवन में खुशियों का संचार करना चाहिए। उन्होंने प्रार्थना की कि भगवान श्रीगणेश की कृपा से शीघ्र ही वैश्विक महामारी कोरोना समाप्त हो तथा सभी लोग सुखमय जीवन व्यतीत करें।

ओ0पी0राय/राजभवन (19/14)